Daily News

Stay Well Hospitality Group to expand in Rajasthan

Date: 29/04/2017 | Edition: Jaipur | Page: 10 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 10 H: 17

स्टेवैल हॉस्पीटेलिटी ग्रुप की राज्य में विस्तार योजना

मई में जोधपुर में अपनी नई प्रॉपर्टी

डेली न्यूज, जयपुर। स्टेवैल हॉस्पीटेलिटी ग्रुप मई में जोधपुर में अपनी नई प्रॉपर्टी खोलने जा रहा है। 2017 के अंत तक, स्टेवैल की देश के प्रमुख शहरों जैसे हैदराबाद, विशाखापट्टनम, मुंबई आदि में भी मौजूदगी हो जाएगी। स्टेवैल हॉस्पीटेलिटी ग्रुप निजी स्वामित्व वाला आस्ट्रेलियाई होटल मैनेजमेंट ग्रुप है। इसके पोर्टफोलियो में 30 प्रोपर्टीज शामिल है, जो कि इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, भारत, सिंगापुर और अन्य देशों में हैं।

स्टेवैल हॉस्पीटेलिटी ग्रुप के इंडिया डवलपमेंट ऑफिस का संचालन रोहित विज कर रहे हैं। ग्रुप दो हाई प्रोफाइल होटल और अपार्टमेंट स्टाइल ब्रांड्स पार्क रेजिस तथा लैजर इन का संचालन करता है। ग्रुप के चार होटल गुड़गांव, जयपुर में हैं तथा हाल में गोवा में भी एक होटल खुल चुका है। स्टेवैल ने हाल में भारत में अपनी चौथी प्रॉपर्टी गोवा में पार्क रेजिस गोवा खोली है जो देश में स्टेवैल की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी है। इस अवसर पर स्टेवैल हॉस्पीटेलिटी ग्रुप रीजनल सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर सुरभि वोहरा, पार्क रेजिस जयपुर के जीएम साकेत गौतम, लैजर इन ग्रैंड चाणक्य के जीएम संदीप भटनागर, लैजर इन श्रेय जोधपुर के एमडी शरणिक जैन भी उपस्थित थे।